Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding to construct Motihari, Dhaka, Belwaghat, Shivhar, Narwara, Meenapur and Muzaffarpur as National Highway and connect with NH - 28 Motihari and NH- 77 Muzaffarpur.

श्रीमती रमा देवी (**शिवहर**) : माननीय सभापति महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र शिवहर एक पिछड़ा हुआ इलाका है, जहां सड़क एवं परिवहन का अभाव है । इसी कड़ी में, मैं आपका ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र से गुजरने वाले मोतिहारी, शिवहर, मुजफ्फरपुर पथ की ओर आकृष्ट कराना चाहती हूं ।

ज्ञात है कि एनएच-28 मोतिहारी, रक्सौल पथ एवं एनएच-77, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी पथ के बीच स्थित मोतिहारी, ढाका, बेलवा घाट, शिवहर, नरवारा, मीनापुर और मुजफ्फरपुर तक एक सड़क पथ का निर्माण कराना है, जिसकी कुल लंबाई लगभग 105 किलोमीटर है । अनुरोधपूर्वक कहना चाहती हूं कि यदि उपरोक्त दो महत्वपूर्ण एनएच के बीच में अवस्थित मोतिहारी, शिवहर, मुजफ्फरपुर पथ का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण जनहित में अति आवश्यक है, क्योंकि इस रूट पर प्रतिदिन सैकड़ों गाड़ियों का आवागमन होता है । इसे राष्ट्रीय राजमार्ग की श्रेणी में शामिल करते हुए यदि इसका रूट मोतिहारी, ढाका, बेलवा घाट, शिवहर, नरवारा, मीनापुर और मुजफ्फरपुर तक किया जाता है, तो पूर्वी चंपारण जिले से शिवहर जिले के बीच की दूरी कम होने के साथ-साथ, पूर्वी चंपारण, शिवहर एवं मुजफ्फरपुर जिले आपस में एक रूट में जुड़ जाएंगे तथा इनसे जुड़े हुए पिछड़े इलाकों का विकास संभव हो सकेगा ।

महोदय, अतः मेरा सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि जनता के व्यापक हितों में मोतिहारी, ढाका, बेलवा घाट, शिवहर, नरवारा, मीनापुर और मुजफ्फरपुर तक नए राष्ट्रीय राजमार्ग स्वीकृत करने का आवश्यक निर्देश देने की कृपा करें ।